न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिवाना (बालोतरा)

पीठासीन अधिकारीः—सुरेन्द्र सिंह खंगारोत आर.ए.एस

प्रकरण संख्या :—85 / 2025

प्रार्थीः—

जयसिंह उर्फ जैसा पुत्र भूदरसिंह उर्फ भूदराजी उर्फ बुदरा उम्र 59 वर्ष जाति राजपुरोहित निवासी पादरू तहसील सिवाना जिला बालोतरा

बनाम

विप्रार्थीः—

राजस्थान राज्य जरिये भूमिधारक तहसीलदार सिवाना जिला बालोतरा

<u>प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 रा.भू.रा.अधिनियम हेतु दुरूस्ती</u>

उपस्थित :—

श्री महेन्द्र सिंह सोढा अधिवक्ता प्रार्थी

—:: आदेश ::—

दिनांक :— 29.08.25

प्रार्थी द्वारा उक्त आवेदन पत्र रा.भू.अ. की धारा 136 के तहत पेश किया गया है, संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी की खातेदारी की भूमि खसरा संख्या 336 व 333 रकबा 9.3049 व 15.2921 हैक्टेयर भूमि ग्राम ताण्डाबेरा तहसील सिवाना व खसरा संख्या 226 ,227 ,229 ,24 व 36 रकबा क्रमशः 7.3898, 0.3278, 1.2323, 4.5313 व 4.0295 हैक्टेयर भूमि ग्राम सरीयादेवी नगर तहसील सिवाना में अवस्थित है जिस पर प्रार्थी काबिज होकर काश्त करता आ रहा है। प्रार्थी के अन्य समस्त दस्तावेजात यथा आधार कार्ड, राशनकार्ड, मतदाता पहचान पत्र,जन आधार कार्ड आदि में उसका वास्तविक नाम " जयसिह पुत्र भूदरसिह " दर्ज है किन्तु विवादित भूमि के राजस्व रेकर्ड में त्रुटिवश प्रार्थी का नाम "जैसा पुत्र भूदराजी, जयसिंह पुत्र बुदरा व जयसिंह पुत्र भूदर" लिख दिया । इस प्रकार अशुद्ध नाम अंकित होने से प्रार्थी अपनी भूमि के विकास हेतु सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं ले पा रहा है। अतः प्रार्थी राजस्व रिकार्ड में अपना नाम दुरूस्त करवाने हेतु यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर जरिये नोटिस विप्रार्थी की तलबी की गई। तहसीलदार सिवाना के पत्र क्रमांक भू.अ./2025/1762 दिनांक 28.08.2025 द्वारा प्रार्थी के वास्तविक नाम के सम्बन्ध में तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रेषित की गई । प्रार्थी ने आवेदन पत्र के समर्थन में साक्ष्य दस्तावेज परिवार राशनकार्ड, बैंक डायरी, आधार कार्ड, की प्रति पेश किया।

प्रार्थी अधिवक्ता की बहस सुनी गई।

उपखण्ड अधिकारी
सिवाना (बालोतरा)

Signature Not Verified
Digitally signed by Surendra Singh Khangarot
Date: 2025.11.02 17:40:50 IST
Reason: SelfAttested

प्रार्थी अधिवक्ता की बहस है कि प्रार्थी का वास्तविक नाम ''जयसिंह पुत्र भूदरसिंह '' है, किन्तु राजस्व कर्मचारियों द्वारा विवादित भूमि खसरा संख्या 336 व 333 रकबा 9.3049 व 15.2921 हैक्टेयर भूमि ग्राम ताण्डाबेरा तहसील सिवाना व खसरा संख्या 226 ,227 ,229 ,24 व 36 रकबा क्रमशः 7.3898, 0.3278, 1.2323, 4.5313 व 4.0295 हैक्टेयर भूमि ग्राम सरीयादेवी नगर तहसील सिवाना में प्रार्थी का नाम ''जैसा पुत्र भुदराजी, जयसिंह पुत्र बुदरा व जयसिंह पुत्र भूदरा '' त्रुटिवश लिख दिया जाने से राजस्व रिकार्ड में भी इसी अनुसार अशुद्ध प्रविष्टि अंकित हो गयी। इस प्रकार दस्तावेजात एवं राजस्व रिकार्ड में विभिन्नता होने से प्रार्थी अपनी भूमि के स्वतंत्र विकास हेतु सरकारी संस्थाओं से ऋण अनुदान आदि सुविधाएं प्राप्त नहीं कर पा रहा है। अतः प्रार्थी राजस्व रिकार्ड में अपना शुद्ध व सही नाम दर्ज करवाने का अधिकारी है।

हमने प्रार्थी के अधिवक्ता की बहस पर मनन तथा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्य एवं तहसीलदार सिवाना द्वारा प्रेषित रिपोर्ट का अवलोकन किया। प्रार्थी के परिवार राशनकार्ड, बैक डायरी, आधार कार्ड आदि दस्तावेजात में प्रार्थी का नाम ''जयसिह पुत्र भूदरसिंह'' की तस्दीक होती है, किन्तु विवादित भूमि में प्रार्थी का नाम जैसा पुत्र भुदराजी, जयसिंह पुत्र बुदरा व जयसिंह पुत्र भूदरा'' दर्ज करने से राजस्व रिकार्ड में अशुद्ध प्रविष्टि अंकित हो गयी। ऐसी सूरत में प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने में कोई आपत्ति प्रतीत नहीं होती है।

लिहाजा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र आंशिक रूप से स्वीकार किया जाकर खसरा संख्या 336 व 333 रकबा 9.3049 व 15.2921 हैक्टेयर भूमि ग्राम ताण्डाबेरा तहसील सिवाना व खसरा संख्या 226 ,227 ,229 ,24 व 36 रकबा क्रमशः 7.3898, 0.3278, 1.2323, 4.5313 व 4.0295 हैक्टेयर भूमि ग्राम सरीयादेवी नगर तहसील सिवाना के राजस्व रिकार्ड में दर्ज में प्रार्थी का नाम जैसा पुत्र भुदराजी, जयसिंह पुत्र बुदरा व जयसिह पुत्र भूदरा'' के स्थान पर ''जैसा उर्फ जयसिंह पुत्र भूदरसिंह '' दुरूस्त करने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार सिवाना को तद्नुसार दुरूस्ती सुनिश्चित किये जाने हेतु आदेशित किया जाता है।

आदेश आज दिनांक 29.08.2025 को सरे इजलास सुनाया गया।

(सुरेन्द्र सिंह खंगारोत)
उपखण्ड अधिकारी
सिवाना (बालोतरा)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिवाना (बालोतरा)

Signature Not Verified
Digitally signed by Surendra Singh Khangarot
Date: 2025.11.02 17:40:50 IST
Reason: SelfAttested